SLCM GROUP IN NEWS: KISSANDHAN

Publication	Date	Edition	Page No
Dainik Bhaskar	May 14, 2025	Noida	14

किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस और द्वारा सॉल्यूशंस में साझेदारी

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। अग्रणी टेक-फिन कंपनी द्वारा सॉल्यूशंस ने किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस प्रा. लि. के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। किसानधन भारतीय रिजर्व बैंक से विनियमित एक एनबीएफसी है और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी के तहत, किसानधन “द्वारा सॉल्यूशंस” के प्रमुख तकनीकी प्लेटफॉर्म पेर्डिक्स का उपयोग करेगी, जिसमें लोन ओरिजिनेशन सिस्टम, लोन मैनेजमेंट सिस्टम, रिपोर्ट्स, प्लेटफॉर्म सर्विसेस और को-लेंडिंग मॉड्यूल शामिल हैं। पेर्डिक्स फिलहाल 20 से अधिक संस्थानों द्वारा उपयोग किया जा रहा है और यह 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की एसेट अंडर मैनेजमेंट को सक्षम बनाता है। इस तकनीक को अपनाकर किसानधन, माइक्रो लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी, ग्रुप लोन, किसान लोन और मीडियम टर्म लोन की पेशकश को और बेहतर बना सकेगी।अब तक किसानधन ₹3,263.99 करोड़ के लोन किसानों को वितरित कर चुकी है, जिससे 7 लाख से अधिक किसानों को लाभ मिला है। इनमें कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में 37,185 महिला लाभार्थी भी शामिल हैं। इस अवसर पर बताते हुए किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस के सीईओ गुरिंदर सिंह सेहम्बे ने कहा, किसानधन में हमारा लक्ष्य है कि हम कृषि और ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में किसानों और उद्यमियों को सशक्त करने वाले वैश्विक मानकों के वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएं।